हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

04 10 से समर्थन मूल्य में गेहूं व 16 से शुरू होगी सरसों...



07 पुस्तक मेले में डिस्काउंट के साथ बच्चों ने खरीदी...





## खबर संक्षेप

### 6 अप्रैल को भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला टोली के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बताया कि भाजपा की स्थापना वर्ष 1980 में हुई थी और पार्टी इस वर्ष अपना 46 वा स्थापना दिवस मनाएगी। अभियान के जिला प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई 2026 तक

**नर्मदापुरम।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता को 10,000 रुपये, रजत पदक विजेता को 8,000 रुपये एवं कांस्य पदक विजेता को 6,000 रुपये खेलवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी।

### कलेक्टर बोलीं नरवाई जलाई तो होगी कार्रवाई

# नरवाई की आगः खेत बचाने की बजाय जमीन की ताकत जला रहे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

किसान तीसरी फसल लेने की जल्दी के चक्कर में अपने खेतों को स्वाहा कर रहे हैं। जिले में अब तक नरवाई में आग लगाने की कई घटनाएं हो गई हैं। गेहूं फसल कटने के बाद खेतों में बची नरवाई को जलाने की परंपरा अब एक गंभीर संकट का रूप ले चुकी है। यह केवल धुएं का गुबार नहीं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण, पशु-पक्षियों और किसानों की आर्थिक स्थितिसब कुछ एक साथ प्रभावित कर रही है।

नर्मदापुरम सहित पूरे संभाग में यह समस्या अब चिंताजनक स्तर तक पहुंच रही है। रबी फसल की कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई अब केवल कृषि अवशेष नहीं रह गई है, बल्कि किसानों के लिए एक ऐसी आदत बन चुकी है जो धीरे-धीरे उनके ही भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है।

नरवाई की आग प्रशासन के लिए फिर सिर का दर्द बनी हुई हैं। जागरूकता की कमी के चलते किसान अपनी नरवाई में आग लगा रहे हें।



**हो रही घटनाएं**

- जिले में कुल 2090 नरवाई जलने की घटनाएं सामने आ चुकी है

### जल्दी खेत खाली करने लगा रहे हैं आग

कई किसान जल्दी खेत खाली करने के लिए नरवाई में आग लगा देते हैं, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह त्वरित समाधान आगे चलकर खेती की लागत बढ़ाता है, मिट्टी की ताकत घटाता है और उत्पादन क्षमता पर सीधा असर डालता है।लोगों को भी होती है परेशानीनर्मदापुरम जिले में भी हर साल गेहूं कटाई के बाद खेतों में आग लगाने की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह आग आसपास के खेतों, पेड़ों, बिजली के खंभों और ग्रामीण रास्तों तक फैल जाती है। कुछ मामलों में सड़क किनारे धुआं फैलने से आवागमन भी प्रभावित होता है।

### प्रशासन के सख्त निर्देश, नरवाई न जलाएं किसान



कलेक्टर सोनिया मीना ने साफ कहा है कि नरवाई जलाना जिले की सबसे गंभीर मौसमी समस्याओं में से एक है और इसे रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि गांव-गांव में समझाइश अभियान चलाया जाए और जहां आवश्यक हो, वहां नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। कलेक्टर ने कहा कि नरवाई को जलाना नहीं, संभालना जरूरी है। यह आदत मिट्टी को कमजोर करती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। अब समय है सोच बदलने का, खेती बचाने का और आने वाली पीढ़ियों के लिए जमीन को सुरक्षित रखने का। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और पुलिस अमले ने संयुक्त जांच की। तीन किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### जिले के हालात भी बने चिंताजनक

गर्मी बढ़ने के साथ खेतों में आग लगने की घटनाएं भी तेजी से सामने आने लगती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार खेतों के बीच धुआं इतना फैल जाता है कि दृश्यता कम हो जाती है। पिछले कुछ दिनों में जिले के अलग-अलग हिस्सों से नरवाई जलाने की शिकायतें प्रशासन तक पहुंची हैं। आगजनी की घटनाओं पर अब राजस्व, कृषि और पुलिस अमला संयुक्त रूप से निगरानी कर रहा है। वहीं कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि नरवाई जलाना खेत की ऊपरी परत में मौजूद जैविक तत्वों को खत्म कर देता है। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीव मर जाते हैं और धीरे-धीरे खेत की उत्पादकता कमजोर पड़ने लगती है।

## छत्तीसगढ़ का गांजा तस्कर हुआ गिरफ्तार, 1 लाख का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इटारसी पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 लाख रुपये मूल्य का लगभग 6 किलो गांजा बरामद किया है।

मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 बंगला स्थित मजार के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा। पकड़ा गया व्यक्ति इम्तयाज अली 35 वर्ष बिलासपुर, छत्तीसगढ़ का निवासी है, जो पिट्ठू बैग में गांजा रखकर इटारसी में खपाने की फिराक में था। आरोपी के पास से 6 किलो 076 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इस कार्यवाही में सउनि रामराव उइके, आरक्षक राजकुमार, महेंद्र गुर्जर, अंकित, शाकिर खान, नरेंद्र राजपूत और टिल्लू की विशेष भूमिका रही।

### तेज रफ्तार कार बाइक में घुसी, राहगीर घायल

**नर्मदापुरम।** शहर में गुरुवार को सर्किट हाउस चौराहे के पास एक हादसा हो गया। इसमें एक तेज रफ्तार कार खंबे को गिराते हुए बाइक में जा घुसी। उस समय वहां लोग मौजूद नहीं थे बड़ा हादसा टल गया। इससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। मौके से ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया। अब पुलिस कार मालिक का पता लगाने में जुटी हुई है। पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है कि कार की रफ्तार अधिक थी जिसे वह बाइक पर चढ़ गई और कुछ राहगीर घायल भी हुए। जिनका इलाज चल रहा है। अब मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध शराब पर हुई कार्रवाई दबिश देकर पकड़ी देसी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अवैध शराब के विक्रय और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पथरोटा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विजय पिता बाबूलाल भैसारे 45 वर्ष, निवासी नागपुरकलॉ नयी बस्ती के घर के बाजू में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। रात 10 बजे तक चली कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस ने अवैध खेप को जब्त कर लिया है।

इसी तरह से इसी जगह से मन्नूलाल पिता भैयालाल उईके की दुकान से अवैध शराब जब्त की गई है। पथरोटा थानांतर्गत ग्राम गोलनडोह में जय सिंह पिता लिखीराम चौहान 39 वर्ष के घर से भी अवैध शराब जब्त कर आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई, लोगों की समस्याएं सुनी, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनसुनवाई के माध्यम से जहां नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है वहीं नपा के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय हो जाते हैं। गुरुवार को नगरपालिका में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जनसुनवाई में पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने, पेंशन प्रकरण, निर्माण कार्य हेतु एनओसी, स्वच्छता, पेयजल संबंधी आवेदन आए थे। नपाध्यक्ष



नीतू महेंद्र यादव ने सुनवाई करते हुए अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया। जनसुनवाई में पार्षद रेखा यादव, उपयंत्री रीना गुप्ता, आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं नपाध्यक्ष ने नपा के अधिकारी कर्मचारी को जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## समेरिटन्स स्कूल में हनुमान जयंती पर हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पवन पुत्र हनुमान जयंती समेरिटंस विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर संगीत विभाग के बच्चों द्वारा सस्वर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा ने हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी से बड़ा कोई रोल मॉडल नहीं ही सकता। वे सर्व



गुण सम्पन्न होते हुए भी निर अहंकारी हैं। उत्तरदायित्व लेने में वे सबसे आगे रहते हैं। वे पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो सामान्य सेवक होते हुए भी देवता हो गए। आज देश में उनके आराध्य भगवान राम से ज्यादा उनके मंदिर हैं। उन्होंने कहा कि भगवान सबके संकट दूर करते हैं, जबकि हनुमान जी भगवान को संकट को दूर करते हैं। वे सदैव प्रसन्न रहते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, आरके रघुवंशी, चंदन मंडल आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने की वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक, विभिन्न मुद्दों पर सीएम से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मध्य प्रदेश भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ संगठनात्मक एवं जनहित के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर गंभीर मंथन किया गया। इस अवसर पर संगठनात्मक ढांचे को



मजबूत करने और सरकार की नीतियों को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाने के उपायों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

सांसद श्री चौधरी ने बैठक में अपने लोकसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ध्यान किसानों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने विशेष रूप से गेहूं एवं चना उपार्जन व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं पारदर्शी बनाने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं को बेहतर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अंत में सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास, किसानों की समृद्धि और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## भक्ति और श्रद्धा से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गुरुवार को शहर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। 'संकटमोचन' के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान है और दोपहर तक कई प्रमुख मंदिरों में महाभिषेक, हवन और प्रसादी वितरण के कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं।

धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत तड़के 5 बजे से हुई। श्री हनुमानधाम ओवरब्रिज में सुबह 5 बजे भव्य महामंगला आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। वहीं, स्वप्नेश्वर हनुमानधाम और गांधीनगर स्थित पंचवटी सेवा समिति में सुबह 5 से 7 बजे के बीच भगवान का विधि-विधान से महाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। अटल पार्क में सुबह 6:30 बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें अर्चना राजेश मालवीय सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। दोपहर होते-होते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक गतिविधियों ने और जोर पकड़ लिया। श्री हनुमानधाम में दोपहर 12 बजे से मुख्य हवन अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। मालवीयगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी सुबह अभिषेक के बाद पूजन की प्रक्रिया जारी रही। कई मंदिरों में दोपहर से ही विशाल भंडारे शुरू हो गए हैं।

## मां नर्मदा की महाआरती ...



नर्मदापुरम। गुरूवार रात्रि को मां नर्मदा के सेठानी घाट पर पंच अर्चकों द्वारा बनारस की तर्ज पर मां नर्मदा की महाआरती की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

## पहलः शासकीय वाहन से शाला पहुंचे कक्षा पहली के नए विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत एवं अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. सुरेखा यादव शासकीय माध्यमिक शाला खेड़ला पहुंचे और "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के तहत प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित अधिकारियों का मन मोह लिया।

### महिला प्रदेश संगठन मंत्री बनीं प्रीति खरे, ज्योति वर्मा का कार्यकाल बढ़ा

**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने प्रीति खरे को महिला प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। महासभा ने असीम उर्जा एवं क्षमता को लेकर श्रीमती खरे को है जिम्मेदारी दी गई है। 1 साल के लिए फिर से यह कार्यकाल बढ़ाया। उनके अच्छे कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष के लिए ज्योति वर्मा का कार्यकाल भी 1 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके अच्छे कार्य के चलते यह निर्णय लिया है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि आप आशा और विश्वास के साथ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के गौरव व सम्मान अभिवृद्धि करेंगी और पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ अपने पदगत दायित्वों का निर्वाह करते हुए महासभा की गरिमा बनाये रखेगी।

### एडिशनल एसपी अभिषेक राजन ने किया 'विक्टोरियस क्रिकेट कप' का शुभारंभ

## मैदान पर पसीना बहाना केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों से लड़ने का अभ्यास है, खेल हमें धैर्य रखना सिखाता हैः अभिषेक राजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के प्रतिष्ठित अग्निहोत्री गार्डन में विक्टोरियस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का वुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। खेल के इस उत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी अभिषेक राजन, पूर्व न्यायाधीश गिरीश दीक्षित और डॉ. अतुल सेठा द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राकेश फौजदार और खेल अधिकारी उमा पटेल भी गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की। खिलाड़ियों के प्रति एडिशनल एसपी अभिषेक राजन के विचारशुभारंभ के अवसर पर



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एडिशनल एसपी अभिषेक राजन ने कहा "मैदान पर पसीना बहाना केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों से लड़ने का अभ्यास है। खेल हमें जीत में विनम्रता और हार में धैर्य रखना सिखाता है। अग्निहोत्री गार्डन के इस मैदान से निकलने वाली ऊर्जा युवाओं में सकारात्मकता और अनुशासन का संचार करेगी। हर खिलाड़ी पूरी खेल भावना और निष्ठा के साथ खेलें, क्योंकि खेल ही वह कड़ी है जो समाज को स्वस्थ और एकजुट रखती है।" मैच रिपोर्टः डॉक्टर 11 ने दर्ज की पहली जीत टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पत्रकार 11 और डॉक्टर 11 के बीच खेला गया। पत्रकार 11 के कप्तान प्रफुल्ल तिवारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 65 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

कप्तान प्रफुल्ल तिवारी और कुणाल तिवारी की शानदार बल्लेबाजी रही, जिन्होंने मैदान पर बेहतरीन कप्तानी पारी खेली। वहीं, पत्रकार टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक मालवीय ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और एक ही ओवर में तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर 11 की टीम ने डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. विजय छाबड़िया और कप्तान डॉ. राजकुमार गक्खर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर महज 6 ओवरों में मैच जीत लिया। डॉ. अनुराग तिवारी और प्रफुल्ल तिवारी को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए संयुक्त रूप से 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।

वरिष्ठ पत्रकारों की रही उपस्थिति.अग्निहोत्री गार्डन में आयोजित इस मैच के दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। इसमें मुख्य रूप से पुरुषोत्तम मालवीय, राजेश तिवारी, राजीव अग्रवाल, विजय कुंभारे, अजय शर्मा, प्रदीप गुप्ता, दया रामपाल, इंद्र कुमार सोनी, सीमा केथवास, हेमंत राजपूत, मनोज सोनी, अभिषेक मालवीय, श्री शर्मा और गोविंद चौधरी सहित कई पत्रकारों ने शिरकत की और आयोजन की शोभा बढ़ाई।आगामी कार्यक्रमङ्ख .विक्टोरियस क्लब के संरक्षक मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**



## खनिज विभाग ने किया कोयला अवैध उत्खनन से बने गड्ढों को बंद

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग बैतूल के खनिज अमले के द्वारा 31 मार्च 2026 को घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम डुल्हारा में स्थित तवा नदी क्षेत्र से खनिज कोयले के अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान नदी क्षेत्र से किसी भी व्यक्ति को खनिज कोयला का उत्खनन/परिवहन करते नहीं पाया गया, किन्तु 02 स्थानों पर अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर निकालने से बने ताजे गड्ढे पाए गये। उक्त स्थानों के आसपास कोयला के अवशेष एवं रखने के चिन्ह, निशान पाये गये। उक्त आकस्मिक जांच के दरम्यान रात्रि का समय हो जाने कारण गडढों को बंद करने की कार्यवाही नहीं की जा सकी। उक्त क्षेत्र में खनिज कोयला के अवैध उत्खनन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनसे किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। दूसरे दिन 1 अप्रैल 2026 को पुनः उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान तवा नदी क्षेत्र के अंदर बने एक गड्ढे को जेसीबी मशीन की सहायता से नदी की धारा को मोडक़र पानी तथा आसपास के मिट्टी, मुरूम, बोल्डर से भरकर बंद किया गया तथा दूसरा गड्ढा नदी के किनारे सुरंगनुमा संरचना का पाया गया, जिसे भी मिट्टी, मुरूम, बोल्डर से भरकर पूर्णतः बंद कराया गया। निरीक्षण के दौरान, उक्त स्थल के आसपास किसी को नहीं पाया।

### फिर बढ़ी तारीख, किसानों को समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू होने का इंतजार

# 10 से समर्थन मूल्य में गेहूं व 16 से शुरू होगी सरसों की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**1 अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं और सरसों की खरीदी की तारीख फिलहाल बढ़ गई है। अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से और भावांतर योजना के तहत सरसों की खरीदी 16 अप्रैल से प्रारंभ होगी। गेहूं खरीदी को लेकर यह दूसरी बार परिवर्तन हुआ है। इससे पहले 16 मार्च से गेहूं खरीदी शुरू होने की संभावना थी, लेकिन यह तिथि बढक़र 1 अप्रैल कर दी गई। इसके बाद शासन ने पुन: खरीदी की तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी। इधर सरसो की खरीदी को लेकर भी यहीं हाल है। अब सरसो की खरीदी 1 अप्रैल की बजाए 16 अप्रैल से शुरू होगी।**



खरीदी को लेकर बार-बार तारीख बढ़ने से किसानों की चिंताएं बढ़ते जा रही है, क्योंकि किसानों के पास भंडारण की व्यवस्था नहीं है। ऊपर से मौसम भी साथ नहीं दे रहा है। मौसम बदलने और बारिश-हवा चलने के कारण उपज को सुरक्षित रखना किसानों के सामने चुनौतीपूर्ण बन गया है। किसानों का कहना है कि जिले की मंडियों में गेहूं के दाम 2100 से 2400 रुपए मिल रहे है। इसके चलते वे लंबे समय से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। कई किसानों ने फसल कटाई के बाद स्टॉक भी रोककर रखा है, ताकि उन्हें सरकारी दर पर बेहतर कीमत मिल सके। किन्तु बार-बार खरीदी की तारीख बढ़ने से किसानों के सामने समस्याएं उत्पन्न हो रही है। सबसे बड़ी समस्या भंडारण की है। किसानों के पास भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई किसानों की उपज खेतों में खुले में पड़ी है। ऐसे में बारिश के कारण उपज भीगती है तो दाना काला पड़ने की संभावना रहेगी। जिससे किसानों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

### गेहूं के लिए 18969 और सरसों के लिए 2481 पंजीयन

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं और सरसों बेचने के लिए इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया जा रहा है कि गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों और सरसों के लिए 2481 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके पीछे कारण यह है कि खुले बाजार (मंडी) में गेहूं के दाम 2100 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि समर्थन मूल्य में गेहूं बेचने पर किसानों को समर्थन मूल्य 2585 रुपये और 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिलेगा। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 100 से 500 रुपये का फायदा होगी। वहीं खुले बाजार (मंडी) में सरसों के दाम समर्थन मूल्य से अधिक है। खुले बाजार में सरसो 6 हजार से 8 हजार प्रति क्विंटल चल रही है। जबकि भावांतर योजना में सरसो के दाम 6200 रुपये निर्धारित किये है और किसान भावांतर से कम दाम में उपज बेचता है तभी किसानों को भावांतर का लाभ मिलेगा, अन्यथा नहीं।

### बार-बार बदलता मौसम किसानों के लिए परेशानी

मौसम में हो रहे बदलाव और कहीं-कहीं बारिश के कारण खुले में रखी उपज भीगने का खतरा बना हुआ है। बुधवार जिले के कई हिस्सों में ओले गिरे। तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई। वहीं गुरुवार सुबह भी आसमान में काले बादल छाये रहे। हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया, लेकिन मौसम को लेकर किसानों की चिंता बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के सक्रिय होने से प्रदेश का मौसम बदल रहा है। यह स्थिति आगामी दो-तीन दिन तक बनी रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। किसानों का कहना है कि कहीं-कहीं गेहूं कटाई चल रही है। कुछ किसान गेहूं काटने के बाद दावन की तैयारी कर रहे है। ऐसे में मौसम में परिवर्तन के कारण फसल भीगने का खतरा बढ़ गया है।

### अधिकारियों का कहना- तय तिथियों से शुरू होगी खरीदी

अधिकारियों का कहना है कि शासन ने समर्थन मूल्य में गेहूं की खरीदी की 10 अप्रैल कर दी है। तय तिथि से खरीदी केंद्रों पर पूरी व्यवस्था के साथ गेहूं खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। किसानों को स्लॉट बुकिंग और टोकन व्यवस्था के माध्यम से बुलाया जाएगा, ताकि भीड़ नहीं लगे और खरीदी सुचारू रूप से हो सके। इधर जिला कलेक्टर ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केन्द्रों पर समुचित व्यवस्थाएं बनाई जाए, ताकि किसानों को खरीदी केन्द्रों पर किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। अधिकारियों का कहना है कि जिले में पिछले साल की खरीदी के अनुसार बारदाने उपलब्ध है। जिले में गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र भी बनाये गये है। वहीं सरसो की खरीदी जिले की मंडियों में होना है।

### इनका कहना है

शासन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। अब 10 अप्रैल से खरीदी होगी। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये गये है।

**- कृष्ण कुमार टेकाम**
जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

सरसों खरीदी की तारीख बढ़ाकर शासन ने 16 अप्रैल कर दी है। जिले की मंडियों में भावांतर योजना के तहत सरसों की खरीदी की जायेगी। इस बार सरसों बेचने के लिए 2481 किसानों ने पंजीयन कराया है।

**- आनंद बडोनिया**
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

### सारणी में 200 से अधिक कर्मी शामिल

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी बिजली कर्मचारियों का धरना

**सारणी।** मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ (भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ से संबद्ध) द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन जारी है। लंबे समय से मांगों के समाधान न होने पर कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है। महासंघ के अनुसार संगठन द्वारा कई बार माननीय ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन को पत्रों के माध्यम से अपनी जायज मांगों से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। इसके विरोध में प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आंदोलन के तीसरे चरण के तहत गुरुवार, 2 अप्रैल को सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी के गेट नंबर 7 पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरने में नियमित एवं आउटसोर्स सहित करीब 200 से अधिक



कर्मचारियों ने भाग लिया और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनय डोंगरे (विभाग प्रमुख, बीएमएस), संजय ठाकुर (तहसील अध्यक्ष, बीएमएस) एवं हरिओम कुशवाहा (महामंत्री, बीएमएस) उपस्थित रहे। इसके अलावा कमल जैन, लाखन चौधरी (अध्यक्ष), कोमल वर्मा (उपाध्यक्ष), विजय गोरे (सचिव) एवं वासुदेव साखरे (कोषाध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के बढ़े फेरे, बैतूल को राहत

**अप्रैल में 4-4 अतिरिक्त ट्रिप, नागपुर-भोपाल होते सीधा कनेक्शन**



**बैतूल।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन (07075/07076) के फेरों में वृद्धि की गई है। इस निर्णय से बैतूल सहित मध्य भारत के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन के दोनों दिशाओं में 4-4 अतिरिक्त फेरे बढ़ाए गए हैं। ट्रेन क्रमांक 07075 हैदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार रात 9.00 बजे प्रस्थान करती है। यह नागपुर, बैतूल, भोपाल, झांसी, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और गोंडा होते हुए गोरखपुर पहुंचती है। बैतूल स्टेशन पर यह शनिवार सुबह 9.08 बजे आती है और 09.10 बजे रवाना होती है। गोरखपुर में इसका आगमन रविवार सुबह 6.30 बजे होता है। इस ट्रेन के अतिरिक्त फेरे 4, 11, 18 और 25 अप्रैल को बैतूल स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगे। इसी प्रकार, ट्रेन क्रमांक 07076 गोरखपुर से प्रत्येक रविवार सुबह 8.30 बजे रवाना होती है। यह सोमवार तडक़े 03.13 बजे बैतूल पहुंचती है और 03.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करती है। यह ट्रेन सोमवार शाम 05.25 बजे हैदराबाद पहुंचती है। इसके अतिरिक्त फेरे 6, 13, 20 और 27 अप्रैल को बैतूल स्टेशन पर मिलेंगे।

### ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध होगी कार्यवाही, पेयजल व्यवस्था सुचारू रहें, शिकायतों का निराकरण हो

# राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, संयुक्त आयुक्त नवल मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री तिवारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि तहसील कार्यालयों में आवक-जावक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए तथा समस्त कार्य केंद्रीयकृत रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से ही किए जाएं, ताकि फाइलों की मॉनिटरिंग कार्यालय प्रमुख से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा सके। उन्होंने ट्रेजरी से संबंधित आहरण एवं राहत सहित सभी कार्य भी ई-ऑफिस पर ही संचालित करने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में दर्ज करने के लिए रीडर को पाबंद करने तथा प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित पक्षों को तामिली समय पर प्राथमिकता से कराई जाए तथा लोक




सेवा गारंटी के प्रकरणों का भी समय पर प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों के नामांकन, शिक्षकों के सेवा स्थापना संबंधी प्रकरण, ई-अटेंडेंस तथा निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें, नहीं दर्ज करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन आहरण नहीं किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने तथा ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का सतत मॉनिटरिंग करने के साथ ही नवनियुक्त माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने शिक्षकों की पदोन्नति, क्रमोन्नति, प्रथम एवं द्वितीय समयमान वेतनमान तथा अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने और अनावश्यक लंबित रखने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सांदीपनि स्कूलों के भवन निर्माण तथा प्रगतिरत छात्रावास निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश

संभागायुक्त ने आदिवासी वित्त विकास निगम अंतर्गत संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण एवं मेधावी योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभागीय समन्वय के साथ खेल आयोजनों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए।

### गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में कमी पर नाराजगी

स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में कमी पर नाराजगी जताई तथा कम प्रगति वाले ब्लॉकों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने एनीमिया मुक्त अभियान के तहत एनीमिक महिलाओं की व्यवस्थित जांच, उपचार एवं पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा मातृ मृत्यु दर के सभी प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक उपाय के निर्देश दिए।

### नगर में निकली शोभायात्रा हुए भंडारे

## हनुमान जन्मोत्सव पर चले धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भौंरा नगर में गुरुवार को विविध धार्मिक आयोजनों का क्रम सुबह से देर रात तक चलता रहा। नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजन-अभिषेक, सुंदरकांड पाठ, भंडारे और धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। बजरंग मंदिर में प्रातःकाल विधिवत पूजन एवं अभिषेक के बाद सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसी क्रम में नगर के पंप इंजन घाट स्थित हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चना के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जो दिनभर चलता रहा। यहां भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भौंराढाना स्थित बजरंग मंदिर में शाम के समय सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक जारी



रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राक्षस ग्रुप द्वारा भव्य धार्मिक यात्रा निकाली गई। यात्रा काली मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों,मेन रोड, बीजादेही रोड होते हुए माता मोहल्ला स्थित शंकर मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात यात्रा खेड़ापति माता मंदिर पहुंची और वहां से पुनः नगर भ्रमण करते हुए बजरंग मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ध्वज लेकर, बैंड-बाजे और डीजे के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बजरंग मंदिर पहुंचने पर ध्वज अर्पित किए गए तथा आरती के पश्चात यात्रा का समापन हुआ। आयोजन के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई।

## श्रद्धांजलि सभा में पंचशील बुद्ध विहार को भेंट किया वाटर फ्रीजर



**बैतूल।** पंचशील बुद्ध विहार सदर में चंद्रशेखर वार्ड निवासी बाबूराव शेषकर द्वारा उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय पुष्पा शेषकर की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबूराव शेषकर एवं परिवार द्वारा पंचशील बुद्ध विहार प्रबंधन समिति की उपस्थिति में पानी का वाटर फ्रीजर भेंट किया गया, जिसे विहार में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में परिवारजनों एवं समिति के सदस्यों ने स्वर्गीय पुष्पा शेषकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निधि शेषकर, निखिल शेषकर, वन्दना, विकल्प नागले, कुंती आठनेरे, मीना अतुलकर, हितेश बर्डे, मधुकर राव शेषकर, एनके मांडवे, बाबूराव शेषकर, हितेन्द्र शेषकर, एफ एल सरणकर, कमल घोघरकर, बलवंतराव शेषकर, मयंक बर्डे, डॉ मनोज वरवड़े, नरेश भूमरकर, रामदास पाटील, दिनेश मानकर सहित अन्य परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय पुष्पा शेषकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। यह सुविधा उपासकों, भिक्षुओं और आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समर्पित की गई।

## डॉ. हैनीमैन जयंती 10 को मनाई जाएगी आयुष एसोसिएशन ने कमेटी की गठित

**बैतूल।** बैतूल आयुष एसोसिएशन द्वारा 10 अप्रैल को होम्योपैथी के संस्थापक डॉ.क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती मनाई जाएगी। जिसके लिए एक कमेटी गठित की है। इस कमेटी की अध्यक्षता डॉ.समित मदरेले करेंगे और कमेटी में डॉ.शैलेन्द्र सोनी, डॉ.मनोज वरवड़े, डॉ.प्रदीप बिहारे, डॉ.संदीप पारखंडे, डॉ.सूजाता सिंह, डॉ.ओम चौहान, डॉ.मीनाक्षी, डॉ.संगीता वरवड़े और डॉ.रितेश सोनी को शामिल किया गया है। एसोसिएशन के डॉ.मनोज वरवड़े ने बताया कि विगत 4 वर्षों से लगातार डॉ.हैनीमैन जयंती मनाई जा रही है और जिले के समस्त होम्योपैथिक चिकित्सक इसमें हिस्सा लेते है और यह आयोजन 10 अप्रैल को ग्रीन पार्क होटल में करने जा रहे हैं। इसका उद्देश्य होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार, जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सकों के बीच ज्ञान साझा करना है। उनकी जयंती को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### घरेलू विवाद में लकड़ी से किया था हमला, परिवार के तीन सदस्य घायल

# रिश्तों का कत्ल: बहू ने की सास की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

घरेलू विवाद किस हद तक भयावह रूप ले सकता है, इसका ताजा उदाहरण मुलताई क्षेत्र में सामने आया है। पारिवारिक कलह के चलते एक बहू ने अपनी ही सास पर लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल 82 वर्षीय वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं।



पुलिस ने आरोपी बहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया शारदा पति शिवराम चिकाने (उम्र 55 वर्ष), निवासी ग्राम पिपरिया, थाना मुलताई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना वाले दिन सुबह लगभग 9 बजे आरोपी रश्मि पति रामेश्वर चिकाने (उम्र 47 वर्ष) उनके घर के सामने आई और बिना किसी ठोस कारण के लकड़ी से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। फरियादिया के अनुसार, आरोपी ने इससे पहले अपनी सास प्रमिला बाई चिकाने (उम्र 82 वर्ष) के साथ भी मारपीट की थी। हमले में प्रमिला बाई को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें पहले मुलताई अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में एम्स अस्पताल भोपाल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस हिंसक घटना में दिनेश पाठेकर एवं कलश पाठेकर भी घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हत्या की धारा जोड़ी गई आरोपी गिरफ्तार

प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 115/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) एवं 351(3) में प्रकरण दर्ज किया गया था। बाद में मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि प्रमिला बाई की मृत्यु मारपीट में आई चोटों के कारण हुई है। इसके आधार पर मामले में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) भी जोड़ी गई। थाना मुलताई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त लकड़ी (आलाजरब) भी जब्त कर ली। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### पारिवारिक विवादों का हिंसक रूप लेना चिंताजनकः एसपी वीरेंद्र जैन

पुलिस अधीक्षक बैतूल, वीरेन्द्र जैन ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऱ्पारिवारिक विवादों का इस प्रकार हिंसक रूप लेना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और समाज के लिए चिंताजनक है। परिवार समाज की मूल इकाई है, जहां संवाद, समझ और सम्मान बेहद जरूरी हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार के पारिवारिक तनाव या विवाद की स्थिति में कानून को हाथ में लेने के बजाय आपसी बातचीत, समझाइश और कानूनी माध्यमों का सहारा लें।

## नाबालिग का अपहरण कर डेढ़ लाख में बेचा

**पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक फरार**



**बैतूल।** 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण और उसे बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। थाना मोहदा क्षेत्र में 4 नवंबर 2025 को शाम करीब 7 बजे नाबालिग बालिका घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आशंका जताई थी कि उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान पता चला कि मुख्य आरोपी सागर दशपुरे बालिका को अपने साथ महाराष्ट्र ले गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 मार्च 2026 को बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को बड़ा खुलासा हुआ कि आरोपी ने बालिका को 1 लाख 50 हजार रुपये में बेच दिया था। इस मामले में शामिल सह-आरोपी धर्मू (निवासी हरदा) और सुनील पटेल (निवासी अमरावती) को 1 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के लिए कंट्रोल बने

**नर्मदापुरम।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, पीएनजी, एवं सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने एवं कमर्शियल गैस सिलेण्डर के प्राथमिकता अनुसार संस्थाओं को वितरण करने तथा प्रतिदिन उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कर उनका त्वरित रूप से निराकरण करने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है।

### एक मुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं

**नर्मदापुरम।** सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि डेढ़ माह और बढ़ा दी गई है। बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के द्वितीय चरण की अवधि अब 15 मई 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं।

### निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम, 4 तक लगेगा मेला, मिलेगी विशेष छूट

# पुस्तक मेले में डिस्काउंट के साथ बच्चों ने खरीदी किताब, बस्ता और कॉपियां

गुरूवार को जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष, शमहेन्द्र यादव ने किया। 2 से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में पुस्तक और स्टेशनरी पर विशेष छूट मिल रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरूवार को शहर के एस एन जी स्कूल में पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। लॉटरी के माध्यम से सभी दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई है। मेला परिसर में पुस्तक, स्टेशनरी तथा स्कूल बैग आदि सामग्री डिस्काउंट पर खरीदी हुई। कापियां पर 40 से अधिक प्रतिशत और बुक्स पर लगभग पांच प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पुस्तक कॉपी उपलब्ध की जा रही है। 4 तारीख तक यह मेला आयोजित किया जाएगा। पुस्तक मेले से एक ही जगह पर सभी चीज विद्यार्थियों को उपलब्ध हो रही है। जिला स्तरीय पुस्तक मेला में आसपास से भी विद्यार्थियों और अभिभावक पहुंच रहे हैं। 12 विक्रेताओं के द्वारा दुकानें लगाई गई है।इस अवसर पर विशेष अतिथि सविता राजपूत, विधायक प्रतिनिधि, विशेष अतिथि ब्रजेन्द्र रावत, संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम, डॉ. मनीष वर्मा, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, श्रीमती इंदु बचले, श्रीमती रत्ना जैन, एल एन प्रजापति जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश जायसवाल, डीपीसी राजेश गुप्ता, एडीपीसी संस्था के प्राचार्य संदीप शुक्ला, राजेश शर्मा, श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया, श्रीमती अर्चना मिश्रा, विक्रम नरवरिया विभागीय अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक, कार्यालयीन कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पाठ्य सामग्री खरीदने सामग्री उमड़ी भीड़

एस.एन.जी. स्कूल में लगाए गये जिला स्तरीय पुस्तक मेले में पुस्तक और स्टेशनरी पर विशेष छूट मिल रही है। मेले में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकें, कापी, स्टेशनरी, स्कूल बेग, शूज आदि की दुकानें लगाई गई हैं। पुस्तक मेले में बच्चों तथा अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं मेले का अयोजन 4 अप्रैल तक जारी रहेगा। जिसमें बच्चे विशेष छूट ले सकते हैं।

### एकीकृत कन्या शाला में आयोजित हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम



**नर्मदापुरम।** शासन के निर्देशानुसार आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन ग्राम रायपुर के एकीकृत कन्या शाला में आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने दीप प्रज्वलित कर स्कूली बच्चों को संबोधित किया तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने कहा कि गुरू हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जो हमारे भविष्य को संवारते हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अपने अनुभव साझा किए और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीएमओ द्वारा पाठ्य सामग्री के रूप में सभी बच्चों को कंपास भेंट किए गए। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं, पालक और बच्चे उपस्थित थे।

# पुलिस ने 21 हजार रुपए की अवैध शराब की बरामद

**प्रतिक्रियाः नए टीआई के आने पर जरूर होती है कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने गत रात्रि अवैध शराब पकड़ने के बाद ग्राम लांघा बम्होरी निवासी दो लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार संतोष नागवंशी एवं पवन कुशवाहा से अलग-अलग मामलों में अंग्रेजी व देशी शराब जप्त की गई है। पवन के कब्जे से प्लेन शराब के 18 पाव, मसाला शराब के 19 पाव, अंग्रेजी शराब बोडका के 04 पाव, आइकोनिक व्हाइट अंग्रेजी शराब की 03 बोतल मिली। जिनकी कीमत 6,288 रुपये है। वहीं संतोष नागवंशी के कब्जे से इंपीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब की 03 बोतल, 02 बोतल ब्लैंडर प्राइड, 01 बोतल ऑफिसर चॉइस, 01 बोतल राइस स्टैग, 01 बोतल मेक डबल नं. 01,16 क्वार्टर मेगडाबल, 06 क्वार्टर इंपिरियल ब्लू पकड़ी गई। जिनकी कीमत 15,040 रुपये है।

### जन प्रतिक्रिया

मामले में सोहागपुर क्षेत्र की जनता ने प्रतिक्रिया दी है कि जब भी नए टीआई साहब या मैडम सोहागपुर में आते हैं, तब आमद के शुरुआती दिनों में जरूर अवैध शराब के धंधे पर कार्रवाई की जाती है। इसके बाद लंबे समय तक कार्रवाई बंद ही रहती है। इसके अलावा जब-जब शासन स्तर पर या जिला प्रशासन द्वारा अवैध शराब के धंधे पर कार्रवाई के आदेश होते हैं, तभी कार्रवाई होती है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अवैध शराब के इस कारोबार पर सतत रूप से करवाई हो, तो ही नए टीआई का सोहागपुर में स्थानांतरण अच्छा कदम माना जाएगा।

### पुलिस ने की सट्टा के खिलाफ की कार्रवाई

**इटारसी।** अनुभाग के केसला एवं पथरौटा थाना क्षेत्र में सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी गौरव पिता मुकेश राय 22 वर्ष निवासी बिहारी कालोनी को छत्रपाल ढाबा के सामने चाय की दुकान से सट्टा लिखते गिरफ्तार किया है। ग्राम कुबड़ाखेड़ी में शिव कुमार पिता रजनीकांत पाठक 34 वर्ष, निवासी दुर्गा मंदिर के पास पांडुखेड़ी को भी सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी और सट्टा उपकरण जब्त किए हैं। वही केसला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों भीमसिंह पिता सरवन अखंडे 28 वर्ष, निवासी झिरनापुरा और पिंटू मालवीय निवासी भौंरा के विरुद्ध सट्टा एक्ट की धारा एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। है। रात 10 बजे तक चली इस वैधानिक प्रक्रिया के बाद आरोपी के पास से सट्टा सामग्री और नकदी बरामद की गई है।

# हनुमानजी के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, नगरवासियों ने राम दरबार और बाल रूप हनुमान का किया पूजन, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





हनुमान जन्मोत्सव नगर में धूमधाम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया सुबह बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। जन्मोत्सव समिति ने डीजे बैंड बाजे ढोल के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली नगर में सड़क के किनारे दोनों तरफ केसरिया ध्वज और बड़े-बड़े हनुमान जी के फ्लेक्स लगाए गए थे बालाजी मंदिर की आकर्षक लाइटिंग से साज साज की गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगर वासियों एवं विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह शीतल जल आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक एवं फलों से स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल युवा एवं विशेष तौर पर मातृशक्ति पारंपरिक परिधान एवं साफा बांधकर शामिल हुए श्री राम दरबार एवं बाल रूप हनुमान की सुंदर झांकी सजाई गई जिसका नगर वासियों ने श्रद्धा से पूजन कर आरती की नगर में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर मनसा पूरण हनुमान मंदिर पीपल वाले हनुमान जी थाना परिसर में दक्षिण मुखी हनुमान जी एवं अन्य हनुमान मंदिरों में भी भक्त जनों ने भजन पूजन आरती कर प्रसाद चढ़ाया। शोभायात्रा मेंविधायक विजयपाल सिंह नगर पालिका अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी पाषर्दगण जनप्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संस्था के सदस्य शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा मंगलवारा बाजार शनिचरा बाजार मेन रोड आवास कॉलोनी से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंची जहां महा आरती कर प्रसादी वितरण की गई। मंगलवार बाजार में आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य एवं अन्य लोगों में विवाद हुआ जिससे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका में बैठकर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया।

### ग्राम करणपुर में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति सोहागपुर द्वारा 'जल शक्ति से नव भक्ति' के तहत ग्राम करणपुर में 'जल मंदिर प्याऊ' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था सदस्यों ने जल पात्रों की पूजा कर राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था की। इस अवसर पर विकास खण्ड समन्वयक किशोर कड़ोले, लता कुशवाहा, चेनसिंग कुशवाहा, परामर्शदाता गजेंद्र सिंह ठाकुर, नवरंग युवा मंडल संस्था से संदेश मिश्रा, मित्र संघ से कमल किराए आदि उपस्थित रहे।

# जपं के कर्मचारियों को 4 माह से नहीं मिला वेतन, आर्थिक समस्या से जूझ रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत कार्यालय पिपरिया के कर्मचारियों को लगातार 3माह से वेतन नहीं मिला है। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को आवंटन नहीं आने से वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारियों के परिवार को भी संकटों का सामना करना पड़ रहा है। तथा सुत्रोकीमाने थे 25 मार्च से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया के वित्तीय अधिकार भी छीन लिए गए हैं।

कर्मचारी लोगों से उधार पैसे ब्याज पर लेकर परिवार चला रहे हैं। जबकि एक तरफ विधायक निधि से लेकर जनपद पंचायत निधी मिलाकर लगभग 14करोड रुपए दिए गए थे। लेकिन अभी तक खर्च किए गए जिसमें 13करोड 91लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन वेतन के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। यहां तक कि ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक सचिव को भी वेतन नहीं दिया गया है।काम की भरमार है। 15वां वित्त भी नहीं मिली है।16 वा वित्त लागूहोने वाली है। लेकिन पंचायत में भी अभी लगभग एक सप्ताह में 20लाख के आसपास राशि जमा कराई गई है।इस तरह से अनेकानेक अनमितथताए प्रतीत होती है।इस बात पर जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आवंटन नहीं आने से वेतन नहीं मिला है। राशि जमा होते ही वेतन भुगतान किया जाएगा।

# शासकीय कन्या शाला की पूर्व प्रभारी प्राचार्या सेवानिवृत, स्टाफ ने दी सम्मान के साथ विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य सायरा बानो खान गत दिवस सेवानिवृत हुई। इस दौरान प्राचार्या सुनीता गढ़वाल के नेतृत्व में समस्त स्टाफ ने खान मैडम को भावभीनी विदाई दी।

पहले सायरा बानो खान एसजेएल उत्कृष्ट विद्यालय सोहागपुर में पदस्थ थी, तब इनके विषय का 12 वर्षों तक लगातार हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा। संस्था प्राचार्या सुनीता गढ़वाल ने बताया कि खान मैडम का सेवाकाल उत्कृष्ट रहा, जिन्होंने शिक्षा विभाग की सेवाएं शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय हंडिया जिला हरदा से प्रारंभ की थी। उसके बाद आरएनए स्कूल पिपरिया एवं शासकीय एसजेएल उत्कृष्ट विद्यालय सोहागपुर में भी सेवाएं दीं। संस्था के नितिन पचौरी ने खान मैडम की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी।

इस दौरान खान परिवार के सदस्यों सहित प्राचार्य सुनीता गढ़वाल, जनशिक्षक राजेश दीक्षित, अशोक गज्जाम, लखन अहिरवार एवं समस्त स्टाफकर्मी उपस्थित थे।

# सपाक्स संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन, शैलेश अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





पिपरिया सपाक्स स्पीक संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण देव नारायण त्रिपाठी ने विधानसभा क्षेत्र में संगठन की घोषणा कर दी गई हैजिसमे जनपद पंचायत के शैलेश भदौरिया को विधानसभा क्षेत्र का युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुविभाग पिपरिया घोषित किया गया है। तथा जनपद पंचायत के तृतिय श्रेणी लिपिक मधु तिवारी को जिला उपाध्यक्ष घोषित किया गया है।

श्री राम गुप्ता शिक्षक आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय को तहसील अध्यक्ष घोषित किया गया।इस तरह से सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी की भी घोषणा कर दी गई है।

याद रहे विगत दिनों सपाकस स्पीक संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था। उसमें जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश के भी तथा पेंशनर्स एसोसिएशन के भी अध्यक्ष एवं अनेक लोग उपस्थित हुए थे। उसके बाद जिला अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है। लोगों ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं बधाई दी।

### अग्रणी महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी में महाविद्यालय में गुरुवार को द आर्ट ऑफ लिविंग चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से उपस्थित विशेषज्ञ राजेश पाराशर, संगीता तेंदुलकर, पराग खंदेलकर एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ ने बताया कि महाविद्यालय में सतत मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिससे छात्राओं एवं कालेज में कार्यरत स्टाफ को मानसिक तनाव से मुक्त रखा जा सके।

# भविष्य से भेंटः नपा सीएमओ मेहरा पहुंची विद्यार्थियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा जारी निर्देशानुसार "स्कूल चलें हम अभियान" अंतर्गत आयोजित "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, पुरानी इटारसी में विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा द्वारा विद्यालय पहुंचकर बच्चों के बीच जाकर उनसे आत्मीय चर्चा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों की कॉपियां देखीं तथा बच्चियों से पहाड़े भी पूछे, और प्रश्न किए जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। सीएमओ मेहरा ने बच्चों से उनकी रुचि एवं भविष्य के सपनों के बारे में भी पूछा। इस दौरान छात्रा स्नेहा ने कलेक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की, वहीं मुस्कान ने डॉक्टर बनने का लक्ष्य बताया। अन्य बच्चों ने भी फौजी एवं वकील बनने की अपनी इच्छाएं साझा कीं। अंत में सीएमओ द्वारा सभी विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, कटर, रबर एवं कॉपियों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला।

### श्री हनुमान जन्ममहोत्सव पर हुए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजन

# अखंड रामायण, भंडारा आयोजन व निकाली शोभायात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



, कलयुग में भी जीवंत संकट मोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को ब्लॉक के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान ब्लॉक में 100 से अधिक मंदिरों में भंडारा तथा प्रसादी वितरण आयोजन किये गए हैं। शताधिक आयोजन इस अवसर पर समूचे ब्लॉक क्षेत्र में किये गए।

क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में प्रतिमा श्रृंगार, अभिषेक, अखंड रामायण पाठ व भंडारा किये गए। पुरानी तहसील परिसर स्थित मंदिर पुजारी पं. विनीत शर्मा के अनुसार गुरुवार को श्री हनुमान जी का श्रृंगार, अभिषेक एवं भंडारा आयोजन किए गए। वहीं जमनी स्थित हनुमान मंदिर में भी भंडारा किया गया। जमनी मंदिर महंत गुलशन महाराज सहित समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक भंडारा आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी प्राप्त की। नवलगांव के हनुमान मंदिर में प्रेरक पं. गोपाल प्रसाद पस्टारिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में भंडारा आयोजन किया गया। शाम चार बजे के बाद मुख्य बाजार में श्रीराम चौक के समीप मंदिर में भंडारा किया गया। सिंधी कॉलोनी के सामने हनुमान मंदिर में गोलानी परिवार ने भंडारा आयोजन किया। हीरालाल गोलानी ने बताया कि बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी प्राप्त की। वहीं जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में स्थित मढ़िया में विराजे दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी महाराज का सुंदर श्रंगार कर विशेष पूजन किया गया।

### यहां हुए आयोजन

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में गुरुवार को विविध धार्मिक आयोजन किए गए। ग्रामों में हनुमान जी के चित्र सहित शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनका समापन प्रसाद वितरण से किया गया। वहीं नगर के रामगंज वार्ड स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में भी आयोजन किया गया। स्थानीय न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन व भंडारा कार्यक्रम किया गया। पलाश परिसर स्थित श्री शंभू दरबार में गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल के सानिध्य में हनुमान जी की जयंती मनाई गई। मातापुरा वार्ड के समीप नरसिंह मंदिर परिसर में स्थित श्री हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में भंडारा आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित हनुमान जी मंदिर में भी विशेष पूजन व प्रसाद वितरण आयोजन किया गया। बाजार में चंद्रा मेडिकल के समीप स्थित हनुमान मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों पर भी गुरुवार को धार्मिक आयोजन किये गए।

# हनुमानजी जयंती समारोह में शोभायात्रा निकाली, दिया अनेकता में एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में हनुमानजी का जन्म महोत्सव मनाया गया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में पचमढ़ी रोड स्थित दुर्गा मंदिर से लेकर मंगलवारा चौराहे शोभापुर रोडपर होते हुए पुराने गल्ला मंडी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा शोभायात्रा निकाली गई तो जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया।हर मंदिर समिति द्वारा श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ के आयोजन किया गया। चिंताहरण मंदिर रेस्टहाउस में 56भोग लगाया गया।हर मंदिर समिति द्वारा विशालकाय भंडारे का आयोजन किया गया। कन्या भोज के आयोजन किया गया। शोभायात्रा में विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने करतब दिखाए गए। भाला, तलवार घुमाते समय अनेक व्यायाम शाला के लोग शामिल हुए। महाकाली मंदिर रेलवे गेट से भी शोभायात्रा निकाली गई। भंडारे भी संपन्न हुआ। भजन मंडली भी चलती रही।जय कारें गुंजायमान होते रहे। नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद सदस्य सहित अन्य सभी पदाधिकारियों शामिल हुए। सिंधी पंचायत सिख समुदाय कुचबंदिया समाजसेवी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर भाजपा के समस्त नेता पलिया परिवार पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल ने सहित अनेक जगह पर पेयजल आपूर्ति की गई।

**खबर संक्षेप**

### जनगणना 2027 के तहत पहले चरण की शुरूआत 16 अप्रैल से

**हरदा।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण की शुरूआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक ह्रस्व-गणनाह्न प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है। वर्मा ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी। सुश्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वगणना के दौरान सही उत्तर देना धारा 8 के तहत अनिवार्य है। स्वगणना में सभी प्रश्नों का सही उत्तर दें। अंतिम सबमिशन से पहले, स्वगणना के माध्यम से दर्ज आंकड़ों की पर्यवेक्षकों द्वारा फील्ड विजिट के दौरान जांच की जाएगी।

### 10 से पहले अपलोड करनी होगी शुल्क की जानकारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में निजी विद्यालयों की फीस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत जिले के सभी निजी विद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस, अन्य शुल्क एवं संबंधित जानकारी शासन के निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। जिसकी निर्धारित तिथि 10 अप्रैल 2026 है। कलेक्टर द्वारा निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में जानकारी अपलोड नहीं करने वाले विद्यालयों पर फीस विनियमन अधिनियम के तहत श्रेणीवार अर्थदंड लगाया जाएगा। यह जुर्माना विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर तय किया गया है, जिसमें कम, मध्यम और अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है। आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य अभिभावकों को मनमानी फीस वसूली से राहत देना और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की गईं हैं।

### राजस्व मंत्री ने की गेहूं उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

**सीहोर।** आगामी 10 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर तैयारियों के संबंध में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में गेहूं उपार्जन के लिये आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में कलेक्टर बालागुरू के. ने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। उपार्जन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही तौल कांटों की पर्याप्त व्यवस्था और उनकी नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि गेहूं की तौल निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाए।

सरकार को 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करनी चाहिए

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। संघ के सम्भागीय अध्यक्ष विनोद पाटिल और राजनारायण गौर ने नरवाई जलाने वाले किसानों पर दर्ज एफआईआर पर आक्रोश व्यक्त किया और 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी तथा मूंग का पंजीयन जल्द शुरू करने की मांग की।



संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही, सहकारी बैंकों द्वारा 0 फीसदी ब्याज पर दिए गए ऋण की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाई गई, जबकि गेहूं खरीदी की तारीख 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई। इस कारण लगभग 60 फीसदी किसान डिफाल्टर हो गए हैं, जिन पर साल भर का 7 फीसदी ब्याज और 14 फीसदी दंड लग गया है। पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को ब्याज राशि वापस करने का सरकार का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ है। भारतीय किसान संघ ने नरवाई (पराली) जलाने पर किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को गलत बताया। पाटिल का कहना है कि अन्नदाता को जेल भेजना या उन पर अर्थदंड लगाना उचित नहीं है। यह सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। संघ ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार पराली निष्पादन के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निकालती, तब तक किसानों पर कोई कार्रवाई न की जाए। संघ ने बताया कि इस बार किसानों की कड़ी मेहनत और सरकारी संसाधनों के कारण मध्य प्रदेश में गेहूं का बंपर उत्पादन हुआ है। सरकार को 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करनी चाहिए। संघ ने आरोप लगाया कि सरकार बारदाने की कमी बताकर प्रति बीघा खरीदी कम करने का षड्यंत्र कर रही है, जो उसकी किसान विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार किसानों से मूंग की जगह उड़द लगाने को कह रही है, जो कि नब्बे दिनों में तैयार होती है। चूंकि रवि सीजन की कटाई के बाद बारिश आने के चलते किसानों के पास केवल मूंग की फसल लगाने का ही विकल्प रहता है।

# संविदा कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन




**हरदा।** बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में तृतीय चरण में 11 सूत्री मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, जिलाध्यक्ष मुकेश धामन्दे, जिला उपाध्यक्ष मुकेश निकुम, बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी के जिला अध्यक्ष आलोक हरलें, उपाध्यक्ष गिरीश राठौर सहित और भी पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि विद्युत संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए। विद्युत नियमित कर्मचारी की वेतन विसंगति दूर की जाए। विद्युत आउटसोर्सिंग कर्मचारीयों हेतु उत्तर प्रदेश और हरियाणा के तर्ज पर कंपनी का गठन किया जाए। विद्युत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अधिकारी/कर्मचारियों को एक बार गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करते हुए उनके गृह जिले में पदस्थापन दी जाए। विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारीयों की पेंशन शासन के जिला कोषालय से किया जावे तथा बिलम्ब व व्यवधान की समस्या का समाधान किया जाए। विद्युत ग्रामीण सोसाइटी के शेष विद्युत कर्मचारियों को विद्युत कंपनी में संबिलियन किया जाये व संबिलियत कर्मचारियों को विद्युत कंपनी के कर्मचारियों के समान समस्त सुविधाएं प्रदान की जाए। ग्रेच्युटी 20 लाख से बढ़कर 25 लाख की जाए। अनुकंपा आश्रितों को सन 2000 से सन 2012 के बीच सामान्य मृत्यु के प्रकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए।

# विधायक सोलंकी ने दिखाए तेवर- कृषि विभाग से रबी-खरीफ बीजों से लाभान्वितों की सूची मांगी

## दुकानों से भी खाद, बीज और कीटनाशक नहीं मिलने से नाराज..!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

यहां बुधवार को खंड-स्तरीय समीक्षा बैठक में विधायक झूमा सोलंकी ने तीखे तेवर दिखाई दिए और कृषि विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में प्रति वर्ष कुछ ही किसानों को रबी एवं खरीफ फसलों के बीज वितरण पर नाराजगी प्रकट की और पिछले पांच वर्षों में लाभान्वित किसानों की सूची देने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीएस सेंगर से कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर नियंत्रण रखें। उन्होंने पूछा कि अभी तक कितनी दुकानों की जांच और कार्रवाई की गई है? उन्होंने आश्चर्य व्यकत किया कि जब बीज अंकुरण नहीं होता है,तब कार्रवाई करते हो,इसका क्या औचित्य है? उन्होंने निर्देशित किया कि दुकानों से निर्धारित मानक के अनुसार ही खाद,बीज और कीटनाशक औषधियों का विक्रय होना चाहिए।



विधायक सोलंकी ने इस बात पर भी चिंता प्रकट की कि नल जल योजना में ग्राम पंचायतों को लाखों रुपयों के बिजली बिल दिए गए हैं,जिससे सरपंचगण परेशान हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में कलेक्टर को भी पत्र लिखने की बात कही है। विद्धुत विभाग के सहायक यंत्री नरेन्द्रसिंह मोरे ने बताया कि प्रस्तावित 250 में से 150 आदिवासी फालियों में विद्धुतीकरण की स्वीकृति दी जा चुकी है,जिससे स्थलों पर खम्बे भी डाल दिए गए हैं। परन्तु वन विभाग की स्वीकृति के अभाव में कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

नर्मदा घाटी विकास विभाग की के सहायक यंत्री सोमव्रत अरजरीया ने जानकारी दी कि झिरन्या उद्वहन सिंचाई परियोजना का परीक्षण जून में करने की जानकारी दी गई। इस पर विधायिका ने कहा कि मई माह में परीक्षण करें,जिसका लाभ किसानों को भी मिल सकेगा। उन्होंने सभी पटवारियों को हल्कों में ही निवास करने के निर्देश दिए,ताकि छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों और किसानों राहत मिलेगी। एसडीओ राजस्व भीकनगांव फरहान अख्तर ने कहा कि इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं,जिससे किसी को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सीइओ महेंद्रकुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए हैं कि विधायक निधि के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करावें। वहीं आपने महिला एवं बाल विकास अधिकारी निर्मला वर्मा को आंगनवाड़ियों में बिजली,पानी और शौचालय की समुचित-व्यवस्था करने को कहा है। इस अवसर पर तहसीलदार खुमानसिंह चौहान, नायब तहसीलदार राजेश बरडे, पीएचई एसडीओ भारत मुजाल्दे, बीइओ प्रभार परमार्थी,बीआरसी राघवेन्द्र जोशी आदि उपस्थित थे।

# प्रभारी कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों और जल गंगा संवर्धन कार्यों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसफ जोनाथन ने गुरूवार को चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्रों, ग्रामीण विकास विभाग के कार्य तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जोसफ ने कृषि उपज मंडी टिमरनी एवं हरदा का भ्रमण कर उपार्जन शेड, पेयजल व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना, साफ-सफाई तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इस हेतु संबंधित मंडी सचिवों को आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान श्रीमती जोसेफ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत चारखेड़ा, बरकला, मनियाखेड़ी तथा आलमपुर के शासकीय भवनों में निर्माणाधीन रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों का निरीक्षण किया। ऐसे शासकीय भवन जिनमें पूर्व से रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं हैं, वहां आगामी 7 दिवस में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों को लेने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं ग्राम पंचायतों को दिए गए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत आलमपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्मित कुआ रिचार्ज के कार्य का निरीक्षण किया गया एवं पंचायत भवन में स्थापित हैंडपंप के पास जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोक पिट बनाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मनियाखेड़ी में एकीकृत माध्यमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केन्द्र मनियाखेड़ी व चारखेड़ा का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया साथ ही उपस्थित बच्चों से चर्चा कर मध्यान्ह भोजन मेन्यू के बारे जानकारी ली गई तथा मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री का अवलोकन भी किया गया। ग्राम पंचायत चारखेड़ा में पोषण वाटिका, ग्राम पंचायत बरकला में निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण कर भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लिए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत अमले को दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत टिमरनी चेतना पाटिल, सहायक यंत्री प्रवीण वर्मा, उपयंत्री तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित, राजस्व मंत्री ने शत-प्रतिशत नामांकन पर दिया विशेष जोर

**सीहोर।** एमएलबी स्कूल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिह वर्मा ने जिला स्तरीय स्कूल चलें हम अभियान-2026 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय तथा कलेक्टर बालागुरू के सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि जिले में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए और यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि शिक्षित बच्चे ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समय पर स्कूल पहुंचे और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा अभिभावकों, शिक्षकों तथा संबंधित विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

### अपने किए कर्मों के परिणाम हमें ही भोगना पड़ेगाः सागर महाराज

**सीहोर।** मुनिश्री संस्कार सागर महाराज छुल्लक कमल सागर महाराज ससंघ संत भवन मे विराजमान है । प्रतिदिन प्रातः मुनिश्री के सानिध्य मे श्रध्दालु भगवान महावीर की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे है। इसके बाद धर्म सभा में श्रध्दालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान कहां कि घर घर चर्चा रहे धर्मकी सात कर्मो का बंध प्रविक्षण चल रहा है। आयु का बंध हो जातीट तो उसको टाला नही जा सकता हमारी कितनी आयु शेष है ये किसी को नहीं पता- परिणामों को हर समय सम्हालने की आवश्यकता हैं।

### साधना सप्ताह अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित



**हरदा।** समूचे प्रदेश में 2 से 8 अप्रैल के बीच शासकीय सेवकों की क्षमतावर्धन के लिये आयोजित किये जा रहे साधना सप्ताह अंतर्गत गुरूवार को जिले के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आईगॉट पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से शासकीय सेवकों की कार्यक्षमता एवं मानवीय क्षमताओं में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण में अभियान अंतर्गत साधना सप्ताह क्रियान्वयन समूह का गठन, प्रशिक्षण लक्ष्य एवं विषयवस्तु, पूर्व तैयारी एवं उन्मुखीकरण, व्यक्तिगत प्रोफाइल सुधार, प्रगति की समीक्षा एवं रिपोर्टिंग की विस्तार से जानकारी दी गई।

# धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव

**सीहोर।** इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया किया जाएगा। मंगलवार को भव्य चल समारोह में शामिल होने का प्रथम आमंत्रण पत्र विप्रजनों के द्वारा शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणेश को समर्पित किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, युवा अध्यक्ष रजत व्यास, चल समारोह युवा अध्यक्ष तनिष त्यागी आदि बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। ब्राह्मण समाज के द्वारा शहर के सभी कालोनी और सेक्टरों में आगामी दिनों में बैठक का आयोजन किया जाएगा। समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित और पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भगवान की जयंती आगामी 20 अप्रैल को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बुधवार से शहर के खजांची लाइन पर शाम पांच बजे विप्रजन एकत्रित होकर आमंत्रण का वितरण करेंगे।

## जिले में हनुमान जन्म उत्सव धूम धाम से मनाया गया

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलवीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में हनुमान जन्मोत्सव भक्तिमय माहौल में मनाया गया। शहर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु रामभक्त हनुमान के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। सिद्धवीर हनुमान मंदिर के पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि हनुमान जी का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में मेष लग्न में सुबह 6 बजे हुआ था। इस अवसर पर मंदिर में देर रात से 11 विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विशेष पूजन-अर्चन किया गया।

मंदिर समिति के सदस्यों ने हवन कुंड में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण और हनुमाष्टक का पाठ किया। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर गुलजार भवन में भी सुबह से हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। शहर के खेड़ापति हनुमान मंदिर, अड्डे वाले हनुमान मंदिर, कचहरी वाले हनुमान मंदिर और दास हनुमान मंदिर गोलापुरा को फूलों से सजाया गया है। सभी मंदिरों में दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीराम मंदिर गोलापुरा में दोपहर की आरती के बाद शाम 7 बजे महाआरती हुई, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समितियों ने एक दिन पहले ही सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली थीं। मंदिर समिति से जुड़े पंडित विनोद मिश्रा ने बताया कि गुरुवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि आज के दिन मंदिर में आकर जिस



भी श्रद्धालु राम नाम की माला का जाप और एक हनुमान चालीसा का पाठ किया उसे निःशुल्क रुद्राक्ष दिया गया। पंडित मुरलीधर व्यास ने हनुमान जी के जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन महान आचार, विचार और संस्कारों से भरा है। वे श्रीराम के परम भक्त और आज्ञाकारी थे, जिन्होंने लोगों को बड़ों की आज्ञा का पालन करने का संदेश दिया, ताकि हनुमान जी की कृपा दृष्टि और आशीर्वाद सदैव बना रहे।